PAGE No. DATE

# पाठ 15 मेरा देश

श्रुतलेखन शब्द (१)

मंत्र स्वर्ण गौरव कहानी मौर्य

बाँसुरी विवेकानंद अहिंसा भारती सुषमा

गृहकार्य :- शब्दार्थ लिखिए ।

2. **बताइए** CH- 15

**क.** 'जागा स्वर्ण-सवेरा' का क्या अर्थ है?

**उ.** 'जागा स्वर्ण-सवेरा' का अर्थ है— मूल्यवान सुबह जिसमें सब सही दिशा में कर्मशील हो जाते हैं।

ख. देशवासियों के मन का अँधेरा कैसे मिट गया है?

उ. महापुरुषों के ज्ञान के प्रकाश से देशवासियों के मन का अँधेरा मिट गया है।

ग. भारत के कण-कण में कौन नित्य बसेरा लेता है?

उ. भारत के कण-कण में सूरज नित्य बसेरा लेता है।

घ. जीवन ने कहाँ पर नव सुषमा का डेरा लगाया है?

उ. जीवन ने हमारे देश में नव सुषमा का डेरा लगाया है।

ङ. देश की महान विभूतियों के नाम बताइए।

उ. राम, घनश्याम, बुद्ध, गुरुनानक, विवेकानंद, रामतीर्थ आदि हमारे देश की महान विभूतियाँ हैं।

## लिखिए

1. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए—**

क. किसके बजने से हमारे देश में सोने-सा सवेरा होता है? ✓ बाँसुरी के

ख. किसके अधरों पर भारत की अमर कहानी लिखी हुई है? ✓ रामतीर्थ के

2. **पंक्तियाँ पूरी कीजिए—**

क. वही देश है मेरा
वेद मंत्रों "से गूँजा है",
"जिसका अंबर" नीला।
जहाँ राम, "घनश्याम कर गए",
"युग-युग अद्भुत" लीला।

ख. जहाँ विवेकानंद "सरीखे",
हुए "तत्व के ज्ञानी"।
रामतीर्थ "के अधरों पर थी",
"जिसकी अमर" कहानी।

3. **कविता की इन पंक्तियों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

जहाँ बुद्ध ने ................................ वही देश है मेरा!

क. महात्मा बुद्ध ने किसका अलख जगाया?

उ. महात्मा बुद्ध ने सत्य और अहिंसा का अलख जगाया।

ख. किसने विश्व प्रेम का राग सरसाया?

उ. गुरुनानक ने विश्व प्रेम का राग सरसाया।

ग. 'मेर-तेर' का क्या अर्थ है?

उ. 'मेर-तेर' का अर्थ है— अपना-पराया का भेद करना।

घ. कहाँ मेर-तेर का भेद-भाव नहीं है?

उ. हमारे देश में मेर-तेर का भेद-भाव नहीं है।

ङ. दो-दो पर्यायवाची लिखिए— सत्य, विश्व, प्रेम, अँधेरा।

उ. सत्य—सच, वास्तविक; विश्व—संसार, दुनिया; प्रेम—मुहब्बत, प्यार; अँधेरा—अंधकार, तम।

4. **कुछ वाक्यों में उत्तर लिखिए—**

**क.** राम और घनश्याम यहाँ पर कौन-सी लीला कर गए?

**उ.** राम ने बुराई को पराजित किया और आदर्श समाज का संदेश दिया। घनश्याम ने सबको प्रेम का पाठ पढ़ाया।

**ख.** बुद्ध और गुरुनानक ने क्या संदेश दिया?

**उ.** बुद्ध ने सत्य और अहिंसा तथा गुरुनानक ने सबसे प्रेम करने का संदेश दिया।

**ग.** 'जहाँ विवेकानंद सरीखे, हुए तत्व के ज्ञानी' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

**उ.** 'जहाँ विवेकानंद सरीखे, हुए तत्व के ज्ञानी' का अर्थ है— हमारे देश में विवेकानंद जैसे महापुरुष ने जन्म लिया जिन्होंने लोगों के जीवन का असली अर्थ बताया।

**घ.** भारत देश की पावन गौरव-गाथा को अपने शब्दों में लिखिए।

**उ.** भारत देश का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहाँ की पावन भूमि पर ऋषि-मुनियों ने जन्म लिया जिन्होंने संसार को प्रेम और शांति का संदेश दिया। आज भी हमारा देश विश्व को प्रेम एवं शांति का संदेश दे रहा है।

5. **भाव स्पष्ट कीजिए—**

ज्ञान, बुद्धि, ................................ देश है मेरा!

उ. हमारे देश में ज्ञान, बुद्धि, विद्या, बल और वैभव का पोषण होता है। हमारे देश का गौरवशाली इतिहास रहा है जिसकी गाथा पूरा देश गाता है। हमारे देश में ज्ञान का नया प्रकाश फैला हुआ है।

## समझिए व्याकरण संबोध

1. **नीचे दिए गए शब्दों के मानक रूप लिखिए—**

| | | |
|---|---|---|
| अम्बर — अंबर | अद्भुत — अद्‌भुत | अञ्चल — अंचल |
| बुद्ध — बुद्‌ध | बुद्धि — बुद्‌धि | चञ्चल — चंचल |
| विवेकानन्द — विवेकानंद | विद्या — विद्‌या | |

2. **इन शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए—**

| | |
|---|---|
| मंत्र — म् + अ + न् + त् + र् + अ | बुद्‌ध — ब् + उ + द् + ध् + अ |
| अंबर — अ + म् + ब् + अ + र् + अ | नित्य — न् + इ + त् + य् + अ |

3. **रंगीन शब्दों के विलोम शब्द से वाक्य पूरे कीजिए—**

**क.** अज्ञान का ....अंधकार.... मिटा और ...ज्ञान... का उजाला आया।

**ख.** ...आकाश... नीला है और धरती हरी-भरी।

**ग.** सूरज नित्य पूरब में उदय होता है और ...पश्चिम... में ...अस्त...।

**घ.** गुरुनानक ने विश्व से प्रेम करना सिखाया ...घृणा... करना नहीं।

4. **दिए गए शब्दों को शब्दकोश के क्रम में लगाइए—**

देश, वेद, मंत्र, सवेरा, ज्ञान, घनश्याम

उ. घनश्याम, ज्ञान, देश, मंत्र, वेद, सवेरा

सत्य, अलख, विश्व, अँधेरा, सूरज, जीवन

उ. अँधेरा, अलख, जीवन, विश्व, सत्य, सूरज

(2) (1) (3) (6) (4) (5)

5. **वाक्य बनाइए—**

अहिंसा — ···गांधी जी ने हमें अहिंसा का पाठ पढ़ाया।···

अद्भुत — ···महापुरुष अद्भुत कार्य करते हैं।···

जगाया — ···भगतसिंह ने लोगों में देशभक्ति का भाव जगाया।···

वह — ···वह मेरा भाई है।···